राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाजपुर
मैनुअल –08 बोर्ड, परिषद, समितियॉ और अन्य निकाय

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय प्रशिक्षण महानिदेशालय भारत भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा ''सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से 1396 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन(Upgradation of 1336 it is through PPP) योजना का प्रारम्भ वित्तीय वर्ष 2007–2008 में किया गया। इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा देश की 1396 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थनों को PPP के माध्यम से उच्चीकरण कर व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रणाली से निकलने वाले प्रशिक्षार्थियों को औद्योगिक प्रतिष्ठानों की मांग के अनुरूप तैयार करना एवं रोजगारपरकता में सुधार लाना है। इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वार समय–समय पर जारी निर्देशा के के क्रम में प्रत्येक संस्थान हेतु इन्टस्ट्री पार्टनर का चयन कर आईएमसी का गठन किया जाता है, जिसे सोसाइटी एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत किया जाता है। आईएमसी का नेतृत्व उद्योग भागीदार द्वारा किया जाता है। कुमाऊॅ मण्डल में इस योजना के अन्तर्गत 18 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को चयनित किया गया है। भारत सरकार की योजना upgradation of 1396 ITI's through Public Private Partnership के अन्तर्गत राज्य की विभिन्न आई0टी0आई0 में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण उद्योगों की आधुनिक आवश्यकता के अनुसार तथा सुगमता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्ति के उपरान्त प्रशिक्षार्थियों को औद्योगिक आस्थानों में रोजगार हेतु 11 सदस्यीय आईएमसी का गठन किया जाता है। जनता की भागीदारी के संबंध में इंस्टिटयूट मैनेजमेन्ट कमेटी के मान्य गैर सरकारी (बी0एच0ई0एल0, रूद्रपुर) सदस्यों के माध्यम से परामर्श प्राप्त किये जाते है, तथा बैठक के कार्यवृत्त जनता तक पहुॅचाने के लिए लोक सूचना अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है। संस्थान बाजपुर पी0पी0पी0 (बी0एच0ई0एल0, रूद्रपुर) योजनान्तर्गत आच्छादित है।